Total No. of Questions—30] [Total No. of Printed Pages—10

T—8060A1

BOOK-KEEPING & ACCOUNTANCY

(Hindi & English Versions)

Time : 3 Hours

Maximum Marks : 100

निर्देश :

(1) सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

(2) प्रश्न क्रमांक 17, 18, 23, 24, 27, 28, 29 एवं 30 में आंतरिक विकल्प दिए गए हैं।

(3) प्रश्न क्रमांक 1 से 10 तक प्रत्येक प्रश्न के लिए शब्द-सीमा 30 शब्द है।

(4) प्रश्न क्रमांक 11 से 18 तक प्रत्येक प्रश्न के लिए शब्द-सीमा 50 शब्द है।

(5) प्रश्न क्रमांक 19 से 24 तक प्रत्येक प्रश्न के लिए शब्द-सीमा 75 शब्द है।

(6) प्रश्न क्रमांक 25 से 28 तक प्रत्येक प्रश्न के लिए शब्द-सीमा 120 शब्द है।

(7) प्रश्न क्रमांक 29 एवं 30 में प्रत्येक प्रश्न के लिए शब्द-सीमा 150 शब्द है।

(8) व्यावहारिक प्रश्नों के लिए शब्द-सीमा का बंधन नहीं है।

(9) प्रत्येक प्रश्न के अंक उसके सामने दिए गए हैं।

Instructions :

(1) All questions are compulsory.

(2) Question Nos. 17, 18, 23, 24, 27, 28, 29 and 30 have Internal options.

(3) Word limit 30 for Question Nos. 1 to 10 each.

(4) Word limit 50 for Question Nos. 11 to 18 each.

(5) Word limit 75 for Question Nos. 19 to 24 each.

(6) Word limit 120 for Question Nos. 25 to 28 each.

(7) Word limit 150 for Question Nos. 29 and 30 each.

(8) No limits for Practical problems.

(9) Marks have been indicated against each question.

1. मूल्य ह्रास की 'स्थायी किश्त पद्धति' को 'सरल रेखा पद्धति' क्यों कहा जाता है ? 2

Why is 'Fixed Instalment method' of depreciation called 'Straight Line method'?

2. अधिभावी कमीशन से क्या आशय है ? 2

What is meant by Over-riding Commission ?

3. "खातों को ड्योढ़ा" करने से क्या अभिप्राय है ? 2

What is meant by "Balancing of Ledger" ?

4. प्रेषणी अपनी पुस्तकों में कौन-कौन से खाते खोलता है ? 2

Which accounts are opened by the Consignee in his books ?

5. खुदरा नकल बही पर एक टिप्पणी लिखिए। 2

Write a note on Khudra Nakal Bahi.

6. कच्ची रोकड़ बही की कोई दो विशेषताएँ लिखिए। 2

Write any two characteristics of Kachchi Rokad Bahi.

7. गैर-व्यापारिक संस्थानों के आय की कोई चार मदें लिखिए। 2

Write any four means (items) of income of Non-trading concerns.

8. प्राप्ति एवं भुगतान खाता से आप क्या समझते हैं ? 2

What do you understand by Receipts and Payments Account ?

9. साझेदारी संलेख के अभाव में लाभ का विभाजन किस प्रकार होता है ? 2

In which ratio of profit are shared in absence of Partnership deed ?

10. ''अंशों का प्रीमियम पर निर्गमन'' को उदाहरण द्वारा समझाइए। 2

Explain with illustration "The issue of Shares at Premium".

11. जैन ट्रेडर्स ने 1 जुलाई, 2005 को एक फर्नीचर 30,000 रु. में क्रय किया। इसका अनुमानित जीवन काल 6 वर्ष और अवशेष मूल्य शून्य है। वार्षिक खाते 31 दिसम्बर को बनाए जाते हैं। प्रथम वर्ष के ह्रास की गणना कीजिए। 3

Jain Traders purchased a furniture on 1st July, 2005 for Rs. 30,000. Its estimated life is 6 years and residual value is zero. Accounts are closed on 31st December. Calculate first year's depreciation.

12. प्रेषक दर्शनार्थ बीजक में लागत मूल्य से अधिक मूल्य क्यों दर्शाता है ? इस संबंध में कौन-कौन सी समायोजन प्रविष्टियाँ की जाती हैं ? 3

Why does the Consignor show invoice price higher than cost ? What adjustment entries are passed in this respect ?

13. एक जनवरी, 2005 को नामदेव मण्डल का प्रारम्भिक शेष 18,000 रु. था। 31 दिसम्बर, 2005 को समाप्त होने वाले वर्ष में निम्न व्यवहार हुए :

चन्दा प्राप्त 36,000 रु, आजीवन सदस्यता शुल्क 5,000 रु., विनियोग 20,000 रु., उपस्कर खरीदा 6,000 रु., अदत्त व्यय 300 रु. तथा उपस्कर पर मूल्य ह्रास 10%।

31 दिसम्बर, 2005 को प्राप्ति-भुगतान खाता बनाइए। 3

The opening cash balance of Namdeo Mandal on 1st Junary, 2005 was Rs. 18,000. Prepare Receipts and Payments Account for the year ended 31st December, 2005 from the following transactions :

Subscription received Rs. 36,000, Life membership fees Rs. 5,000, Investment Rs. 20,000, Bought furniture Rs. 6,000, Outstanding Expenses Rs. 300 and Depreciation on Furniture 10%.

14. आय-व्यय खाते की कोई तीन विशेषताएँ समझाइए। 3

Explain any three features of Income & Expenditure Account.

15. दीपा ने 100 साइकिलें, जिनका लागत मूल्य 240 रु. प्रति साइकिल है, श्रद्धा को प्रेषण पर भेजी। दीपा ने गाड़ी भाड़ा 500 रु. व बीमा 100 रु. व्यय किया। श्रद्धा ने गाड़ी भाड़ा 100 रु. तथा गोदाम व्यय 200 रु. किया। वर्ष के अन्त में 20 साइकिलें अनबिकी रहीं। अन्तिम स्टॉक का मूल्यांकन कीजिए। 3

Deepa consigned 100 cycles @ Rs. 240 per cycle to Shraddha. Deepa paid cartage Rs. 500 and insurance Rs. 100. Shraddha paid cartage Rs. 100 and godown rent of Rs. 200. At the end of the year 20 cycles remained unsold. Calculate the Final Stock.

16. एक फर्म की पूँजी 80,000 रु. है। फर्म का औसत लाभ 9,000 रु. है। ऐसे व्यापार पर $7\frac{1}{2}\%$ आय अपेक्षित है। यदि ख्याति का मूल्य पिछले 5 वर्षों के औसत अधिलाभ के तीन वर्षों के क्रय के बराबर हो, तो ख्याति का मूल्य बताइए। 3

Capital of a firm, is Rs. 80,000. Average profit of the firm is Rs. 9,000. Normal return on such business is expected at $7\frac{1}{2}\%$.

Find out the value of Goodwill, if it is valued at three years' purchase of the average superprofit of the last five years.

17. सोनी लिमिटेड ने 10 रु. वाले 15,000 अंश जारी किए। इस सम्बन्ध में प्रतिअंश 2 रु. आवेदन पर, 4 रु. आवंटन एवं 4 रु. प्रथम एवं अन्तिम याचना पर देय है। सभी राशियाँ यथासमय प्राप्त हो गईं। कम्पनी की बहियों में जर्नल के लेखे कीजिए। 3

Soni Ltd. issued 15,000 shares of Rs. 10 each. Payable as Rs. 2 on Application, Rs. 4 on Allotment and Rs. 4 on First and Final call per share. All the amounts were duly received. Pass the necessary Journal Entries in the books of the company.

अथवा *(Or)*

अवशिष्ट याचना किसे कहते हैं ? अवशिष्ट याचना की राशि पर नियमानुसार किस दर से ब्याज लगाया जाता है ?

What is Calls in Arrers ? At what rate of interest on un-paid calls can be charged as per rules ?

18. परिर्वतनशील पूँजी पद्धति का अर्थ समझाइए। 3

Explain the meaning of Fluctuating Capital method.

अथवा *(Or)*

लाभ-हानि वितरण (नियोजन) खाता क्या है ? यह क्यों बनाया जाता है ?

What is Profit & Loss Appropriation Account ? Why is it prepared ?

19. अवक्षयण (मूल्यह्रास) की राशि निर्धारित करने वाले कौन से तत्व हैं ? समझाइए। (कोई चार) 4

What are the factors determining the Amount of Depreciation ? Explain. (Any four)

20. एक फर्म में A और B साझेदार हैं, जो 3 : 2 के अनुपात में आय विभाजन करते हैं। उन्होंने C को 1/5 भाग के लिए साझेदार बनाया। लाभ-हानि का नया अनुपात ज्ञात कीजिए। 4

A & B are partners in a firm sharing Profit in 3 : 2 ratio. They admit C as a new partner for 1/5 share. Find out new ratio of Profit & Loss.

21. भारतीय बही-खाता प्रणाली और अंग्रेजी बही-खाता प्रणाली में चार समानताएँ लिखिए। 4

Write four similarities in Indian Book-keeping system and English Book-keeping system.

22. पुनर्मूल्यांकन खाता क्या होता है ? यह कब खोला जाता है ? 4

What is Revaluation Account ? When is it opened ?

23. मेहता लिमिटेड ने 10 रु. वाले 20,000, 6% पूर्वाधिकार अंश जनता में निर्गमित किए। राशि इस प्रकार देय थी :

आवेदन पर 2 रु. प्रति अंश, आबंटन पर 4 रु. प्रति अंश तथा याचना पर 4 रु. प्रति अंश। 25,000 रु. पूर्वाधिकार अंशों के लिए आवेदन प्राप्त हुए। सभी राशियाँ प्राप्त हो गईं। आवेदन पर प्राप्त अतिरिक्त राशि लौटा दी गई है।

कम्पनी की पुस्तकों में जर्नल प्रविष्टियाँ कीजिए। 4

Mehta Limited issued 20,000, 6% Preference shares of Rs. 10 each to the Public payable Rs. 2 per share on Application, Rs. 4 per share on Allotment and Rs. 4 per share on Call. Applications were received for 25,000 on Preference shares. All amounts were duly received. The excess application money is returned.

Pass Journal Entries in the books of the company.

अथवा *(Or)*

अंश एवं स्कन्ध में अन्तर स्पष्ट कीजिए। (केवल चार)

Make difference between Shares and Stock. (Any four)

24. A और B एक फर्म में साझेदार हैं और वे 3 : 1 के अनुपात में लाभ-हानि का विभाजन करते हैं। उन्होंने 31 दिसम्बर, 2005 को साझेदारी समाप्त करने का निश्चय किया। उनकी आर्थिक स्थिति इस प्रकार थी :

		रु.		रु.
लेनदार		2,700	बैंक में रोकड़	3,000
सामान्य संचय		3,000	देनदार	1,000
B का ऋण		3,000	प्लांट	19,700
पूँजी खाते	रु.		भवन	9,000
	A 12,000			
	B 12,000	24,000		
		32,700		32,700

सम्पत्तियों से निम्न वसूली हुई—देनदार 900 रु., प्लाण्ट 18,000 रु. तथा भवन 7,200 रु.। लेनदारों के कुल भुगतान में 2,600 रु. दिए गए। वसूली व्यय 500 रु. हुए। वसूली खाता बनाइए। 4

A and B are partners in a firm and they share Profit and Loss in the ratio of 3 : 1. They decided to dissolve the partnership on 31st December, 2005. Their Financial position was as follows :

		Rs.		Rs.
Creditors		2,700	Cash at Bank	3,000
General Reserve		3,000	Debtors	1,000
B' Loan		3,000	Plant	19,700
Capital A/c	Rs.		Building	9,000
	A 12,000			
	B 12,000	24,000		
		32,700		32,700

Assets are realised as follows : Debtors Rs. 900, Plant Rs. 18,000 and Building Rs. 7,200. Creditors were paid Rs. 2,600 in full settlement. Expenses on Realisation amounting Rs. 500.

Prepare Realisation Account.

अथवा *(Or)*

A, B और C 1 : 2 : 3 के अनुपात में लाभ-हानि विभाजन करते हैं। 'C' व्यापार से निवृत होता है। फर्म की कुल ख्याति 60,000 रु. से ख्याति खाता खोला गया और इसे तुरन्त अपलिखित कर दिया गया।

आवश्यक पंजी प्रविष्टियाँ कीजिए।

A, B and C share Profits and Losses in the ratio of 1 : 2 : 3. 'C' retires from business. Goodwill account was raised by its full value of Rs. 60,000 and written off immediately.

Give necessary Journal Entries.

25. 'X' ने 'Y' को 100 टेप रिकॉर्डर प्रति टेप रिकॉर्डर 1,000 रु. की लागत के 1,300 रु. के बीजक मूल्य पर भेजे। प्रेषक ने प्रेषण पर व्यय के 4,000 रु. चुकाए। प्रेषणी को बीजक मूल्य पर 10% तथा बीजक मूल्य से अधिक विक्रय पर 25% कमीशन देय है। प्रेषणी ने चुंगी के 1,000 रु. चुकाए। प्रेषणी ने 90 टेप रिकॉर्डर 1,37,000 रु. में बेचे।

प्रेषक की पुस्तकों में प्रेषण खाता बनाइए। 5

'X' consigned 100 tape recorders to 'Y' costing Rs. 1,000 per tape recorder at invoice price of Rs. 1,300. The consignor paid Rs. 4,000 as expenses on consignment. The consignee is entitled to get commission of 10% on invoice price and 25% on sales above the invoice price. The consignee paid Rs. 1,000 for Octroi. The consignee sold 90 tape recorders for Rs. 1,37,000.

Prepare Consignment Account in the books of Consignor.

26. पूँजी कोष क्या है ? प्रारम्भिक पूँजी कोष (प्रारम्भिक पूँजी) की गणना किस प्रकार की जाती है ? 5

What is Capital Fund ? How is Opening Capital Fund calculated ?

27. श्री रवि कुमार कैलाश कुमार ने मिती कार्तिक सुदी 8 संवत्, 2061 मंगलवार, दिनांक 11 अक्टूबर, 2004 को निम्न माल उधार खरीदा :

(i) श्री ओमप्रकाश से खरीदा : चावल 10 बोरा, कुल वजन 10 क्विंटल 10 किलो (बारदाना वजन 10 किलो सहित) दर 20 रु. प्रति किलो। उन्होंने 20 रु. बारदाना तथा 30 रु. हम्माली के लगाए।

(ii) श्री सत्यनारायण से खरीदा : चना 10 क्विंटल, दर 500 रु. प्रति क्विंटल। उन्होंने विभिन्न खर्चों के 200 रु. लगाए।

उपरोक्त सौदों को उचित नकल बही में लिखिए। 5

Shri Ravi Kumar Kailash Kumar purchased the following goods on credit on Kartik Sudi 8, Samvat 2061, Tuesday, dated 11th, October 2004 :

(i) Purchased from Shri Omprakash : Rice 10 bags total weight 10 quintal, 10 kg. (including Baradana 10 kg.) at the rate of Rs. 20 per kg. They charged Bardana Rs. 20 and Hammali Rs. 30.

(ii) Purchased from Satyanarayan : Gram 10 quintal @ Rs. 500 per quintal. They charged Rs. 200 for Sundry expenses.

Record the above transactions in proper Nakal Bahi.

अथवा *(Or)*

रोकड़ बही एवं नकल बही में स्पष्ट अन्तर बताइए। (केवल पाँच)

Distinguish between Rokad Bahi and Nakal Bahi. (Any five)

28. गुप्ता लिमिटेड ने 100 रु. वाले 7,000, 9% ऋण पत्र निर्गमित किए। प्रत्येक ऋण-पत्र पर निम्नानुसार राशियाँ देय थीं :

आवेदन पर 10 रु. आबंटन पर 30 रु. एवं शेष प्रथम एवं अन्तिम याचना पर। देय समस्त राशियाँ उचित रूप से प्राप्त हो गईं।

कम्पनी की पुस्तकों में आवश्यक पंजी प्रविष्टियाँ कीजिए। 5

Gupta Ltd. issued 7,000, 9% debenture of Rs. 100 each. Each debenture payable as follows :

Rs. 10 on Application, Rs. 30 on Allotment and the Balance on First and Final call. All amounts were duly realised.

Pass the necessary Journal Entries in the books of the company.

अथवा *(Or)*

कम्पनी के स्थिति विवरण (चिट्ठा) के दायित्व पक्ष की मदों को संक्षेप में स्पष्ट कीजिए।

Explain in brief the items of Liabilities side of Comapny's Balance Sheet.

29. एक व्यापारी ने कुछ संयन्त्र 1,00,000 रु. में क्रय किया, जिसमें एक बॉयलर 10,000 रु. का था। पहले दो वर्ष तक संयंत्रों पर 10% स्थायी किश्त पद्धति पर ह्रास अपलिखित किया गया और बाद के वर्षों में 10% क्रमागत शेष पद्धति पर मूल्यह्रास अपलिखित किया गया। चौथे वर्ष में बॉयलर अनुपयोगी हो जाने से 4,000 रु. में बेच दिया गया।

चार वर्षों का संयन्त्र खाता बनाइए। 6

A businessman purchased some plants worth Rs. 1,00,000 out of which a boiler costed Rs. 10,000. For the first 2 years, depreciation was charged on those on the basis of Fixed Instalment method @ 10% and for the later years; according to Diminishing Balance method @ 10% was written off on them. In the fourth year, as the boiler became useless, it was sold for Rs. 4,000.

Prepare four year's Machinery Account.

अथवा *(Or)*

(i) ह्रास की दर के साथ ''वार्षिक'' (प्रतिवर्ष) शब्द का क्या महत्त्व है ?

(ii) ''मूल्यह्रास लाभ के विरुद्ध समायोजन नहीं, अपितु व्यय-भार है।'' व्याख्या कीजिए।

(i) What is the importance of the word "per annum" given with the rate of depreciation ?

(ii) "Depreciation is not an appropriate of profit, but a charge against profit". Explain.

30. राघवेन्द्र के पास 10 रु. वाले 30 समता अंश थे, जिसमें से उसने 2 रु. आवेदन-पत्र के दिए, लेकिन आवंटन के 3 रु. और प्रथम याचना के 2 रु. वह नहीं दे सका। संचालकों ने प्रथम याचना के बाद अंशों का हरण कर लिया।

अंशों के हरण से संबंधित नकल प्रविष्टि कीजिए। 6

Raghvendra was holding 30 Equity Shares of Rs. 10 each on which he paid Rs. 2 on Application, but could not pay Rs. 3 on Allotment and Rs. 2 on First call. Directors forfeited the shares after first call.

Give Journal Entry for recording the Forfeiture of Shares.

अथवा *(Or)*

'अंशों के हरण' से क्या आशय है ? जब्त (हरण) अंशों के पुनर्निर्गमन पर क्या प्रविष्टियाँ की जाती हैं ?

What is meant by Forfeiture of Shares ? What entries are made after the reissue of Forfeited shares ?

Total No. of Questions—30] [Total No. of Printed Pages—10

T—8060B1

BOOK-KEEPING & ACCOUNTANCY

(Hindi & English Versions)

Time : 3 Hours

Maximum Marks : 100

निर्देश :

(1) सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

(2) प्रश्न क्रमांक 17, 18, 23, 24, 27, 28, 29 एवं 30 में आंतरिक विकल्प दिए गए हैं।

(3) प्रश्न क्रमांक 1 से 10 तक प्रत्येक प्रश्न के लिए शब्द-सीमा 30 शब्द है।

(4) प्रश्न क्रमांक 11 से 18 तक प्रत्येक प्रश्न के लिए शब्द-सीमा 50 शब्द है।

(5) प्रश्न क्रमांक 19 से 24 तक प्रत्येक प्रश्न के लिए शब्द-सीमा 75 शब्द है।

(6) प्रश्न क्रमांक 25 से 28 तक प्रत्येक प्रश्न के लिए शब्द-सीमा 120 शब्द है।

(7) प्रश्न क्रमांक 29 एवं 30 में प्रत्येक प्रश्न के लिए शब्द-सीमा 150 शब्द है।

(8) व्यावहारिक प्रश्नों के लिए शब्द-सीमा का बंधन नहीं है।

(9) प्रत्येक प्रश्न के अंक उसके सामने दिए गए हैं।

Instructions :

(1) All questions are compulsory.

(2) Question Nos. 17, 18, 23, 24, 27, 28, 29 and 30 have Internal options.

(3) Word limit 30 for Question Nos. 1 to 10 each.

(4) Word limit 50 for Question Nos. 11 to 18 each.

(5) Word limit 75 for Question Nos. 19 to 24 each.

(6) Word limit 120 for Question Nos. 25 to 28 each.

(7) Word limit 150 for Question Nos. 29 and 30 each.

(8) No limits for Practical Problems.

(9) Marks have been indicated against each.

1. 'मूल्यह्रास' से क्या अभिप्राय है ? 2

What is meant by 'Depreciation' ?

2. सामान्य कमीशन को समझाइए। 2

Explain Ordinary or General Commission.

3. नाम नकल बही का क्या उपयोग है ? 2

What is the use of Nam Nakal Bahi ?

4. प्रेषक की पुस्तक में इस लेन-देन की प्रविष्टि कीजिए : 'प्रेषण पर माल भेजा 10,000 रु.'. 2

Make a Journal Entry in the books of a Consignor of this transaction : Goods sent on consignment Rs. 10,000.

5. 'सिरा और पेटा' से आप क्या समझते हैं ? 2

What do you understand by 'Sira and Peta' ?

6. पक्की रोकड़-बही की कोई दो विशेषताएँ लिखिए। 2

Write any two characteristics of Pakki Rokad Bahi.

7. गैर-व्यापारिक संस्थानों के व्यय की कोई चार मदें लिखिए। 2

Write any four items of expenses of Non-trading concerns.

8. आय-व्यय खाता से क्या आशय है ? 2

What is meant by Income and Expenditure Account ?

9. साझेदारी समझौते के अभाव में, साझेदार द्वारा दिए गए ऋण पर उसे किस दर पर ब्याज प्राप्त होता है ? 2

In the absence of Partnership deed at what rate a Partner is entitled to receive interest on loan ?

10. अंशों का बट्टे पर निर्गमन को उदाहरण द्वारा समझाइए। 2

Explain with illustration the issue of Shares at Discount.

11. प्रजापति ट्रेडर्स ने 1 अक्टूबर, 2005 को एक संयंत्र 60,000 रु. में खरीदा। इसका अनुमानित जीवन काल 10 वर्ष और अवशेष मूल्य शून्य है। वार्षिक खाते 31 दिसम्बर को बनाए जाते हैं। प्रथम वर्ष के ह्रास की गणना कीजिए। 3

Prajapati Traders purchased a plant on 1st October, 2005 for Rs. 60,000. Its estimated life is 10 years and residual value is zero. Accounts are closed on 31st December. Calculate First year's Depreciation.

12. 'ए' ने 'बी' को 10,000 रु. का माल प्रेषण पर भेजा, जिसपर 1,600 रु. व्यय के चुकाए। प्रेषणी ने 160 रु. चुंगी और 240 रु. वाहन व्यय के चुकाए। उसने माल का 3/4 भाग 16,000 रु. में बेचा, जिस पर 5% कमीशन का प्रावधान है। प्रेषण स्कन्ध की गणना कीजिए। 3

'A' sent goods to 'B' worth Rs. 10,000 on Consignment and spent Rs. 1,600 for expenses. The Consignee spent Rs. 160 for Octroi and Rs. 240 for Vehicle expenses. He sold 3/4 of the goods for Rs. 16,000 and was entitled to get commission of 5% on it. Calculate Consignment Stock.

13. प्रेषक दर्शनार्थ बीजक में लागत मूल्य से अधिक मूल्य क्यों दर्शाता है ? इस संबंध में कौन-कौन सी समायोजन प्रविष्टियाँ की जाती हैं ? 3

Why does the Consignor show invoice price higher than cost ? What adjustment entires are passed in this respect ?

14. एक जनवरी, 2005 को नामदेव मण्डल का प्रारम्भिक शेष 18,000 रु. था। 31 दिसम्बर, 2005 को समाप्त होने वाले वर्ष में निम्न व्यवहार हुए :

चन्दा प्राप्त 36,000 रु, आजीवन सदस्यता शुल्क 5,000 रु., विनियोग किया 20,000 रु., उपस्कर खरीदा 6,000 रु., अदत्त व्यय 300 रु. तथा उपस्कर पर मूल्य ह्रास 10%।

31 दिसम्बर, 2005 को प्राप्ति तथा भुगतान खाता बनाइए। 3

The opening Cash Balance of Namdeo Mandal on 1st January, 2005 was Rs. 18,000. Prepare Receipts and Payments Account for the year ended 31st December, 2005 from the following transactions :

Subscription received Rs. 36,000, Life membership fees Rs. 5,000, Investment made Rs. 20,000, Bought furniture Rs. 6,000, Outstanding Expenses Rs. 300 and Depreciation on Furniture 10%.

15. प्राप्ति तथा भुगतान खाता बनाते समय किन बातों को ध्यान में रखना चाहिए ? (कोई तीन बिन्दु)। 3

What points should be kept in mind while preparing the Receipts and Payments Account ? (Any three points)

16. एक फर्म की पूँजी 80,000 रु. है। फर्म का औसत लाभ 9,000 रु. है। ऐसे व्यापार पर 10% आय अपेक्षित है।

अधिलाभ के पूँजीकृत मूल्य के आधार पर ख्याति का मूल्य ज्ञात कीजिए। 3

Capital of a firm is Rs. 80,000. Average Profit of the firm is Rs. 9,000. Normal return on such business is expected at 10%

Find out the value of Goodwill on the basis of capitalised value of Super profit.

17. एक कम्पनी ने 20 रु. वाले 40,000 समता अंश जनता को जारी किया। सम्पूर्ण राशि एक मुश्त प्राप्त हो गई।

कम्पनी की पुस्तकों में आवश्यक जर्नल प्रविष्टियाँ कीजिए। 3

40,000 Equity shares of Rs. 20 each issued by a Company to the public. All amounts have been received in lump-sum.

Pass the necessary Journal Entries in the books of the company.

अथवा *(Or)*

अंश प्रीमियम का उपयोग किन कार्यों के लिए किया जा सकता है ?

For what purposes Premium on shares can be used ?

18. स्थायी पूँजी पद्धति का अर्थ समझाइए। 3

Explain the meaning of Fixed Capital method.

अथवा *(Or)*

साझेदारी संलेख की कोई तीन प्रमुख बातें लिखिए।

Write any three main contents of Partnership Deed.

19. मूल्यह्रास की उत्पत्ति के कोई चार कारण समझाइए। 4

Explain any four causes of the origin of Depreciation.

20. भारतीय बही-खाता प्रणाली और अंग्रेजी बही-खाता प्रणाली में चार समानताएँ लिखिए। 4

Write four similarities in Indian Book-keeping system and English Book-keeping system.

21. वसूली खाता कैसे और कब तैयार किया जाता है ? 4

How and when is Realisation Account prepared ?

22. एक फर्म में A और B साझेदार हैं, जो 3 : 2 के अनुपात में आय विभाजन करते हैं। उन्होंनें 'C' को 1/5 भाग के लिए साझेदार बनाया। लाभ-हानि विभाजन का नया अनुपात ज्ञात कीजिए। 4

A & B are partners in a firm, sharing Profit in 3 : 2 ratio. They admit C as a new partner for 1/5 share. Find out new ratio of Profit & Loss.

23. दूबे लिमिटेड एक कम्पनी 1,00,000 रु. की अधिकृत पूँजी के साथ पंजीकृत थी, जोकि 10 रु. वाले समता अंशों में बंटी हुई थी। उसने जनता को 8,000 अंश निर्गमित किए, किंतु आवेदन 6,000 अंशों के लिए ही प्राप्त हुए। सभी अंश आवंटित किए गए। रकम निम्नानुसार देय थी— 2 रु. प्रति अंश आवेदन पर, 4 रु. प्रति अंश आबंटन पर तथा 4 रु. प्रथम एवं अन्तिम याचना पर। सभी राशियाँ यथा समय प्राप्त हो गई।

कम्पनी की पुस्तकों में आवश्यक पंजी प्रविष्टियाँ कीजिए। 4

Dubey Limited was registered with an authorised Capital of Rs. 1,00,000 divided into Equity shares of Rs. 10 each. It offered to public 8,000 shares of Rs. 10 each. Public offered for 6,000 shares, which are allotted. Amount payable as follows : Rs. 2 per share on Application, Rs. 4 per share on Allotment and Rs. 4 per share on First and Final call. All the amounts were duly received.

Pass necessary Journal Entries in the books of the company.

अथवा *(Or)*

पूर्वाधिकार अंशों की केवल चार विशेषताएँ बताइए।

Give only four characteristics of Preference Shares.

24. A, B और C एक फर्म में साझेदार हैं और लाभ-हानि 1 : 2 : 3 के अनुपात में बांटते हैं। उन्होंने 31 दिसम्बर, 2005 को फर्म का विघटन किया। इस तिथि को फर्म का चिट्ठा इस प्रकार था :

चिट्ठा (Balance Sheet)

		रु.		रु.
लेनदार		1,20,000	स्थायी सम्पत्तियाँ	2,00,000
पूँजी :			चालू सम्पत्तियाँ	80,000
	A 60,000		रोकड़	20,000
	B 60,000			
	C 60,000	1,80,000		
		3,00,000		3,00,000

सम्पत्तियों से उनके पुस्तमूल्य से 10% कम वसूल हुए। लेनदारों को पूरा भुगतान किया गया। समापन व्यय 1,000 रु. हुए, जो नगदी चुकाए गए एक संदिग्ध दायित्व के लिए, जिनकी पुस्तकों में व्यवस्था नहीं थी, 1,000 रु. का भुगतान किया।

वसूली खाता बनाइए। 4

A, B and C are partners in a firm and share Profit and Losses in the ratio of 1 : 2 : 3. They dissolved the firm on 31st December, 2005. On this date the Balance Sheet of the firm was as follows :

Balance Sheet

		Rs.		Rs.
Creditors		1,20,000	Fixed Assets	2,00,000
Capital :			Building	80,000
	A 60,000		Cash	20,000
	B 60,000			
	C 60,000	1,80,000		
		3,00,000		3,00,000

10% Less than book value was realised from Assets. Creditors were paid in full. Dissolution expenses of Rs. 1,000 paid in cash. An amount of Rs. 1,000 was paid for Contingent liabilities for which no provision was made in the books.

Prepare Realisation Account.

अथवा *(Or)*

सीता, गीता और रानी साझेदार हैं, जो लाभ तथा हानि को क्रमशः 3 : 2 : 1 के अनुपात में बाँटते हैं। फर्म की पुस्तकों में ख्याति 20,000 रु. दिखायी गई है। सीता अवकाश ग्रहण करती है। आवश्यक पंजी प्रविष्टियाँ कीजिए, जबकि ख्याति का पुनर्मूल्यांकन 32,000 रु. पर किया गया।

नया अनुपात भी ज्ञात कीजिए।

Sita, Gita and Rani are partners, sharing Profits and Losses in the ratio of 3 : 2 : 1. Goodwill appear in the books of the firm at Rs. 20,000. Sita retired. Give Journal Entries when goodwill is revalued at Rs. 32,000.

Calculate also New Profit Sharing ratio.

25. परासिया के सुरेश ने विदिशा के तोमर को 30,000 रु. के मूल्य का माल प्रेषण पर भेजा और रेल भाड़ा 750 रु. तथा बीमा के 850 रु. चुकाए। एजेन्ट ने आधा माल 20,000 रु. में बेचा और 800 रु. कमीशन, 200 रु. माल रखने का खर्च व 400 रु. का अन्य विक्रय व्यय लगाया। प्रेषण का चौथाई भाग आग से नष्ट हो गया और दावे से 5,000 रु. वसूल हुए।

सुरेश की पुस्तकों में असामान्य हानि के संदर्भ के साथ प्रेषण खाता बनाइए। 5

Suresh of Parasia sent on Consignment goods to Tomar of Vidisha at price of Rs. 30,000 and paid for Freight Rs. 750 and Insurance Rs. 850. Half of the goods were sold by the agent for Rs. 20,000 subject to an agent's commission of Rs. 800, storage expenses Rs. 200 and other selling expenses Rs. 400. One fourth of the goods was lost by fire and a sum of Rs. 5,000 was recovered from claim.

Prepare Consignment Account in the reference of Abnormal Loss in the books of Suresh.

26. गैर-व्यापारिक संस्थाएँ एवं व्यावसायिक व्यक्ति अपना हिसाब किस पद्धति पर रखते हैं और क्यों? कोई पाँच कारण लिखिए। 5

On what system do the Non-trading concerns and Professionals keep their accounts and why ? Mention any five reasons.

27. मिति चैत, सुदी 30 संवत्, 2062 दिनांक 2 मार्च, 2006 शनिवार को निम्न व्यवहारों से नाम नकल बही बनाइए :

(i) श्री सीताराम को बेचा : गेहूँ 5 क्विंटल, दर 800 रु. प्रति क्विंटल। उन्होंने 80 रु. बारदाने के, 30 रु. गाड़ी भाड़ा तथा 30 रु. हम्माली के लगाए।

(ii) श्री राधेश्याम को बेचा : चावल 4 क्विंटल, दर 1,000 रु. प्रति क्विंटल। बारदाने के 60 रु. गाड़ी भाड़ा 180 रु. तथा 2 रु. सैकड़ा धर्मादा के लगाए। 5

Record the following transactions in Nam Nakal Bahi on Chait Sudi 30, Samvat 2062, dated 2nd March, 2006 :

(i) Sold to Shri Sita Ram : Wheat 5 quintals at the rate of Rs. 800 per quintal. They charged for Bardana Rs. 80 for Cartage Rs. 30 and for Hammali Rs. 30.

(ii) Sold to Shri Radheshyam : Rice 4 quintal at the rate of Rs. 1,000 per quintal. They charged Rs. 60 for Bardana, Rs. 180 for Cartage and Dharmada, Rs. 2%.

अथवा *(Or)*

भारतीय बहीखाता प्रणाली की लोकप्रियता के कोई पाँच कारण लिखिए।

Write any five reasons for the popularity of Indian system of Book-keeping.

28. माथुर लिमिटेड ने 100 रु. वाले 6,000, 8% ऋण-पत्र निर्गमित किए। प्रत्येक ऋण-पत्र पर निम्नानुसार राशियाँ देय थीं :

आवेदन पर 10 रु., आबंटन पर 40 रु. एवं शेष प्रथम एवं अन्तिम याचना पर। देय समस्त राशियाँ उचित रूप से प्राप्त हो गईं।

कम्पनी की पुस्तकों में आवश्यक पंजी प्रविष्टियाँ कीजिए। 5

Mathur Ltd. issued 6,000, 8% Debentures of Rs. 100 each. Each debenture payable as follows :

Rs. 10 on Application, Rs. 40 on Allotment and the balance on First and Final call. All amounts were duly realised.

Pass the necessary Journal Entries in the books of the company.

अथवा *(Or)*

कम्पनी के स्थिति विवरण के सम्पत्ति पक्ष की मदों को संक्षेप में समझाइए।

Explain in brief the items of Assets side of the Comapny's Balance Sheet.

29. एक जनवरी, 2000 को 50,000 रु. में एक यंत्र खरीदा।

एक जनवरी, 2001 को 20,000 रु. में दूसरा यंत्र खरीदा।

एक जुलाई, 2002 को तीसरा यंत्र 15,000 रु. में खरीदा।

31 मार्च, 2003 को चौथा यंत्र 25,000 रु. में खरीदा।

5% प्रतिवर्ष की दर से स्थायी प्रभाग पद्धति द्वारा मूल्यह्रास अपलिखित करते हुए चार वर्षों का यंत्र खाता बनाइए। 6

On 1st January, 2000 a Machinery was purchased for Rs. 50,000.

On 1st January, 2001 a second Machinery was purchased for Rs. 20,000.

On 1st July, 2002 third Machinery was purchased for Rs. 15,000.

On 31st March, 2003 fourth Machinery was purchased for Rs. 25,000.

Prepare a Machinery Account for four years by using Fixed Instalment method depreciating @ 5% per annum.

अथवा *(Or)*

स्थायी एवं घटती किश्त प्रणाली में अन्तर लिखिए।

Write difference between Fixed and Reducing Instalment method.

30. राघवेन्द्र के पास 10 रु. वाले 30 समता अंश थे, जिसमें से उसने 2 रु. आवेदन पत्र के दिए, लेकिन आवंटन के 3 रु. और प्रथम याचना के 2 रु. वह नहीं दे सका। संचालकों ने प्रथम याचना के बाद अंशों का हरण कर लिया।

अंशों के हरण से संबंधित नकल प्रविष्टि कीजिए। 6

Raghvendra was holding 30 Equity Shares of Rs. 10 each on which he paid Rs. 2 on Application, but could not pay Rs. 3 on Allotment and Rs. 2 on First call. Directors forfeited the shares after first call.

Give Journal Entry for recording the Forfeiture of Shares.

अथवा *(Or)*

'अंशों के हरण' से क्या आशय है ? जब्त (हरण) अंशों के पुनर्निर्गमन पर क्या प्रविष्टियाँ की जाती हैं ?

What is meant by Forfeiture of Shares ? What entries are made at the reissue of Forfeited Shares ?

Total No. of Questions—30] [Total No. of Printed Pages—10

T—8060C1

BOOK-KEEPING & ACCOUNTANCY

(Hindi & English Versions)

Time : 3 Hours

Maximum Marks : 100

निर्देश :

(1) सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

(2) प्रश्न क्रमांक 17, 18, 23, 24, 27, 28, 29 एवं 30 में आंतरिक विकल्प दिए गए हैं।

(3) प्रश्न क्रमांक 1 से 10 तक प्रत्येक प्रश्न के लिए शब्द-सीमा 30 शब्द है।

(4) प्रश्न क्रमांक 11 से 18 तक प्रत्येक प्रश्न के लिए शब्द-सीमा 50 शब्द है।

(5) प्रश्न क्रमांक 19 से 24 तक प्रत्येक प्रश्न के लिए शब्द-सीमा 75 शब्द है।

(6) प्रश्न क्रमांक 25 से 28 तक प्रत्येक प्रश्न के लिए शब्द-सीमा 120 शब्द है।

(7) प्रश्न क्रमांक 29 एवं 30 में प्रत्येक प्रश्न के लिए शब्द-सीमा 150 शब्द है।

(8) व्यावहारिक प्रश्नों के लिए शब्द-सीमा का बंधन नहीं है।

(9) प्रत्येक प्रश्न के अंक उसके सामने दिए गए हैं।

Instructions :

(1) All questions are compulsory.

(2) Question Nos. 17, 18, 23, 24, 27, 28, 29 and 30 have Internal options.

(3) Word limit 30 for Question Nos. 1 to 10 each.

(4) Word limit 50 for Question Nos. 11 to 18 each.

(5) Word limit 75 for Question Nos. 19 to 24 each.

(6) Word limit 120 for Question Nos. 25 to 28 each.

(7) Word limit 150 for Question Nos. 29 and 30 each.

(8) No limits for Practical Problems.

(9) Marks have been indicated against each.

1. मूल्यह्रास के किन्हीं दो लक्षणों का वर्णन कीजिए। 2

Describe any two characteristics of Depreciation.

2. 'परिशोध' कमीशन को समझाइए। 2

Explain 'Del-credere' commission.

3. जमा नकल बही क्या है ? 2

What is Jama Nakal Bahi ?

4. प्रेषक अपनी पुस्तकों में प्रमुख रूप से कौन-कौन से खाते खोलता है ? 2

What accounts are mainly opened by the consignor in his books ?

5. बन्द बही की कोई दो विशेषताएँ लिखिए। 2

Write any two characteristics of Band Bahi.

6. महाजनी बही खाता की कोई दो विशेषताएँ लिखिए। 2

Write any two characteristics of Mahajani system of Book-keeping.

7. आजीवन सदस्यता शुल्क क्या है ? 2

What is Life Membership Fee ?

8. पेशेवर व्यक्ति किसे कहते हैं ? 2

Who are Professional Persons ?

9. साझेदारी संलेख में उल्लेखित कोई दो बिन्दु लिखिए। 2

Write any two points presented in Partnership deed.

10. अंशों का 'सम-मूल्य पर निर्गमन' से क्या अर्थ है ? इसे एक उदाहरण द्वारा स्पष्ट कीजिए। 2

What is the meaning of 'Issue of Shares at par' ? Clear it by an example.

11. एक मशीन का क्रय-मूल्य 21,000 रु. है। इसकी स्थापना का व्यय 1,000 रु. है और अवशिष्ट मूल्य 2,000 रु. है। मशीन की कार्य अवधि 10 व्रर्ष है। एक वर्ष के ह्रास की गणना कीजिए। 3

The purchase price of a Machine is Rs. 21,000. Its estbalishment expenses are Rs. 1,000 and residual value is Rs. 2,000. Its working life is 10 years. Calculate One year's depreciation.

12. एक चाय कम्पनी ने 100 पेटी, जिसका लागत मूल्य 40,000 रु. है, अपने प्रतिनिधि को प्रेषण पर भेजी। मार्ग में 5 पेटियाँ अग्नि से नष्ट हो गई। प्रेषक ने माल भेजने पर 1,600 रु. व्यय किए। प्रेषणी ने माल की सुपुर्दगी लेने पर 3,800 रु. व्यय किए। प्रेषणी ने 55 पेटियाँ 35,000 रु. में बेची तथा 1,000 रु. विक्रय व्यय हुए। प्रेषण स्कन्ध का मूल्यांकन कीजिए। 3

A Tea Company consigned 100 cases costing Rs. 40,000 to its agent. 5 cases were destroyed by fire in transit. The consignor spent on sending the goods Rs. 1,600. The Consignee incurred Rs. 3,800 expenses on taking the delivery of the goods. The consignee sold 55 cases for Rs. 35,000 and there were selling expenses of Rs. 1,000. Evaluate the Consignment stock.

13. प्राप्ति तथा भुगतान एवं आय तथा व्यय खाते का अन्तर स्पष्ट कीजिए। (कोई तीन) 3

Distinguish between Receipts and Payments Account and Income and Expenditure Account. (Any three)

14. प्रेषक दर्शनार्थ बीजक में लागत मूल्य से अधिक मूल्य क्यों दर्शाता है ? इस संबंध में कौन-कौन सी समायोजन प्रविष्टियाँ की जाती हैं ? 3

Why does the Consignor show invoice price higher than cost ? What adjustment entries are passed in this respect ?

15. एक जनवरी, 2005 को नामदेव मण्डल का प्रारम्भिक शेष 18,000 रु. था। 31 दिसम्बर, 2005 को समाप्त होने वाले वर्ष में निम्न व्यवहार हुए :

चन्दा प्राप्त 36,000 रु. आजीवन सदस्यता शुल्क 5,000 रु., विनियोग किया 20,000 रु., उपस्कर खरीदा 6,000 रु., अदत्त व्यय 300 रु. तथा उपस्कर पर मूल्य ह्रास 10%।

31 दिसम्बर, 2005 को प्राप्ति एवं भुगतान खाता बनाइए। 3

The opening cash balance of Namdeo Mandal on 1st Junary, 2005 was Rs. 18,000. Prepare Receipts and Payments Account for the year ended 31st December, 2005 from the following transactions :

Subscription received Rs. 36,000, Life membership fees Rs. 5,000, Investment made Rs. 20,000, Bought furniture Rs. 6,000, Outstanding Expenses Rs. 300 and Depreciation on Furniture 10%.

16. पिछले 4 वर्षों के औसत लाभ के आधार पर तीन वर्ष के क्रय-मूल्य पर आधारित ख्याति के मूल्य की गणना कीजिए : पिछले 4 वर्षों के लाभ-हानि इस प्रकार हैं— प्रथम वर्ष 5,000 रु. लाभ, द्वितीय वर्ष. 7,000 रु. लाभ तृतीय वर्ष 4,000 रु. (हानि) तथा चतुर्थ वर्ष 8,000 रु. (लाभ)। 3

Calculate the Amount of Goodwill by 3 years' purchase of the last 4 years average profit. The profits and losses for the last 4 years were : 1st year Rs. 5,000 (profit), 2nd year Rs. 7,000 (profit) 3rd year Rs. 4,000 (loss) and 4th year Rs. 8,000 (profit).

17. सोलंकी लिमिटेड ने 10 रु. वाले 1,000 समता अंश जनता में निर्गमित किए। राशियाँ देय— आवेदन पर 2 रु. प्रति अंश, आबंटन पर 4 रु. प्रति अंश तथा प्रथम एवं अन्तिम याचना पर 4 रु. प्रति अंश। सभी राशियाँ यथासमय प्राप्त हो गईं।

कम्पनी की पुस्तकों में पंजी प्रविष्टियाँ कीजिए। 3

Solanki Limited issued 1,000 equity shares of Rs. 10 each, payable Rs. 2 on Application, Rs. 4 on Allotment, Rs. 4 on First and Final call per share. All the moneys were duly received.

Pass necessary Journal Entries in the books of the company.

अथवा *(Or)*

अल्प अभिदान (न्यून अभिदान) को उदाहरण सहित समझाइए।

Explain Under-subscription with example.

18. स्थायी पूँजी-खाता और परिवर्तनशील पूँजी-खाता में अन्तर बताइए। (कोई तीन बिन्दु) 3

Differentiate between Fixed Capital account and Fluctuating Capital account. (any three points)

अथवा *(Or)*

साझेदारी की किन्हीं तीन विशेषताएँ को समझाइए।

Explain any three characteristics of Partnership.

19. मूल्यह्रास की 'स्थायी किश्त पद्धति' को 'सरल रेखा पद्धति' क्यों कहा जाता है? समझाइए। 4

Why is 'Fixed Instalment method' of depreciation called 'Straight Line method'? Explain.

20. भारतीय बही-खाता प्रणाली और अंग्रेजी बही-खाता प्रणाली में चार समानताएँ लिखिए। 4

Write four similarities in Indian Book-keeping system and English Book-keeping system.

21. एक फर्म में A और B साझेदार हैं, जो 3 : 2 के अनुपात में आय विभाजन करते हैं। उन्होंने 'C' को 1/5 भाग के लिए साझेदार बनाया। लाभ-हानि का नया अनुपात ज्ञात कीजिए। 4

A & B are partners in a firm, sharing Profit in 3 : 2 ratio. They admit C as a new partner for 1/5 share. Find out new ratio of Profit & Loss.

22. फर्म के समापन पर कौन-कौन से खाते खोले जाते हैं ? (केवल नाम लिखिए) 4

Which accounts are opened on the dissolution of a Firm ? (Write names only)

23. बैरागी लिमिटेड कं. ने 10 रु. वाले 10,000 अंश जनता में निर्गमित किए। राशि इस प्रकार देय थी : आवेदन पर 2 रु. प्रति अंश, आवंटन पर 4 रु. प्रति अंश तथा याचना पर 4 रु. प्रति अंश। कुल 12,500 अंशों के लिए आवेदन प्राप्त हुए। आनुपातिक बंटन किया गया। आवेदन पर प्राप्त अतिरिक्त राशि का प्रयोग बंटन में किया गया। सभी राशियाँ यथासमय प्राप्त हो गईं।

आवश्यक जर्नल प्रविष्टियाँ कम्पनी की पुस्तकों में कीजिए। 4

Bairagi Limited Company issued 10,000, shares of Rs. 10 each to the Public payable Rs. 2 per share on Application, Rs. 4 per share on Allotment and Rs. 4 per share on Call. Applications were received for 12,500 shares and allotment was made pro-rata. The excess application money was utilised towards allotment.

Pass necessary Journal Entries in the books of the company.

अथवा *(Or)*

अंश एवं ऋणपत्र में अन्तर स्पष्ट कीजिए। (केवल चार बिन्दु)

Distinguish between Shares and Debentures. (Only four points)

24. A और B एक फर्म में साझेदार हैं, जो लाभ-हानि 1 : 3 के अनुपात में बांटते हैं। उन्होंने साझेदारी भंग करने का निर्णय लिया। सम्पत्तियाँ 14,000 रु. की बिकीं। दायित्व थे— विविध लेनदार 10,000 रु., A से ऋण 3,000 रु.। A और B की पूँजी क्रमशः 3,000 रु. और 2,000 रु. पुस्तकों में दिखाई गई थी। वसूली खाता तैयार कीजिए। 4

A and B are partners in a firm, sharing Profits and Losses in the ratio of 1 : 3. They agreed to dissolve the partnership. The Assets realised Rs. 14,000. The Liabilities were: Sundry Creditors Rs. 10,000, Loan from A Rs. 3,000. The Capital of A & B stood in the books at Rs. 3,000 and Rs. 2,000 respectively.

Prepare Realisation Account.

अथवा *(Or)*

A, B और C 7 : 5 : 2 के अनुपात में लाभ-हानि विभाजन करते हैं। A व्यापार से निवृत होता है। फर्म की कुल ख्याति 28,000 रु. से ख्याति खाता खोला गया और इसे तुरन्त अपलिखित कर दिया गया। आवश्यक पंजी प्रविष्टियाँ कीजिए।

A, B and C share Profits and Losses in the ratio of 7 : 5 : 2. 'A' retires from business. Goodwill account is raised by its full value Rs. 28,000 and written off immediately. Give necessary Journal Entries.

25. खण्डेलवाल ड्रग हाउस, इन्दौर ने 35 पेटियाँ दवाई की गुप्ता ड्रग हाउस, पचोर को 7,000 रु. लागत मूल्य पर भेजी। बीजक मूल्य लागत से 20% अधिक है। प्रेषक ने रेल भाड़ा, बीमा आदि के 1,400 रु. चुकाए। मार्ग में 5 पेटियाँ खो गयीं और रेलवे कम्पनी ने 800 रु. हर्जाने के दिए। प्रेषणी ने शेष पेटियों की सुपुर्दगी ली और उसपर 420 रु. खर्च किए। प्रेषणी ने 8,000 रु. में 25 पेटियों के विक्रय की सूचना दी। उनके द्वारा 600 रु. विक्रय व्यय हुआ। वे कुल विक्रय पर 5% कमीशन के अधिकारी हैं।

उक्त व्यवहारों से प्रेषण खाता खोलिए। 5

Khandelwal Drug House, Indore consigned 35 boxes of Medicines to Gupta Drug House, Pachore at Cost price of Rs. 7,000. Invoice price is 20% above the Cost price. The Consignor paid Rs. 1,400 for Railway freight and Insurance etc. In transit 5 boxes were lost and Railway Company paid Rs. 800 for the loss. The Consignee took delivery of the remaining boxes and incurred Rs. 420 expenses on it. The consignee sold 25 boxes for Rs. 8,000. The selling expenses incurred by them amounted to Rs. 600. He is entitled to a commission of 5% on gross sales.

Prepare Consignment Account for the above transactions.

21. 26. प्राप्ति एवं भुगतान खाते को आय एवं व्यय खाता में परिवर्तित करते समय किन-किन बातों को ध्यान में रखना चाहिए? 5

What points should be kept in mind while changing the Receipts and Payments Account into Income and Expenditure Account ?

22. 27. रामकृष्ण ने मिती कार्तिक सुदी 7 संवत्, 2060 सोमवार को निम्न माल उधार बेचा :

(i) श्री कृष्ण को : चावल 10 थैली कुल वजन 355 कि.ग्रा., थैलियों का वजन 5 कि. ग्रा., दर 20 रु. प्रति कि. ग्राम., बारदाना 25 रु., धर्मादा 2 पैसा सैकड़ा।

23. (ii) श्री बलराम को : चना वजन 50 कि. ग्राम, दर 25 रु. प्रति कि. ग्राम, गाड़ी भाड़ा 20 रु., हम्माली 30 रु. लगाया।

उपरोक्त सौदों को उचित नकल बही में लिखिए। 5

Ram Krishna sold the following goods on credit on Monday, Miti Kartik Sudi 7 Samvat, 2060 :

(i) To Shri Krishna : Rice 10 bags, total weight 355 Kg, Weight of bags 5 kg, @ Rs.20 per kg. charged Bardana Rs. 25, Dharmada 2 paise percent.

(ii) To Shri Balram : Gram weight 50 kg. @ Rs. 25 per kg. Charged cartage Rs. 20 and Hammali Rs. 30.

Write the above transactions in proper Nakal Bahi.

अथवा *(Or)*

कच्ची रोकड़ बही लिखने की विधि समझाइए।

Explain the method of recording in Kachchi Rokad Bahi.

28. भावसार लिमिटेड ने 100 रु. अंकित मूल्य वाले 5,000, 6% ऋणपत्र 10% बट्टे पर निर्गमित किए। आवेदन पर 40 रु. एवं शेष आवंटन पर देय थे।

24. कम्पनी की पुस्तकों में आवश्यक रोजनामचा प्रविष्टियाँ कीजिए। 5

Bhavasar Ltd. issued 5,000, 6% debenture of Rs. 100 each at a discount of 10% payable Rs. 40 on Application and the Balance on Allotment.

Pass the necessary Journal Entries in the books of the company.

अथवा *(Or)*

कम्पनी के चिट्ठे में निम्नलिखित स्थायी सम्पत्तियाँ किस क्रम में लिखते हैं ? उचित क्रमानुसार लिखिए : 0

भवन, भूमि, ख्याति, कल एवं यंत्र, विशिष्टाधिकार, फर्नीचर और फिटिंग्स, जीवित स्टॉक, पट्टे पर सम्पत्ति।

In what order will the following Fixed Assets be written in Company's Balance Sheet ? Write in proper order.

Building, Land, Goodwill, Plant and Machinery, Patents Right, Furniture and Fittings, Live stock, Leasehold property.

29. राघवेन्द्र के पास 10 रु. वाले 30 समता अंश थे, जिसमें से उसने 2 रु. आवेदन-पत्र के दिए, लेकिन आवंटन के 3 रु. और प्रथम याचना के 2 रु. वह नहीं दे सका। संचालकों ने प्रथम याचना के बाद अंशों का हरण कर लिया।

अंशों के हरण से संबंधित नकल प्रविष्टि कीजिए। 6

Raghvendra was holding 30 equity shares of Rs. 10 each on which he paid Rs. 2 on Application, but could not pay Rs. 3 on Allotment and Rs. 2 on First call. Directors forfeited the shares after first call.

Give Journal Entry for recording the Forfeiture of Shares.

अथवा *(Or)*

'अंशों के हरण' से क्या आशय है ? जब्त (हरण) अंशों के पुनर्निर्गमन पर क्या प्रविष्टियाँ की जाती हैं ?

What is meant by Forfeiture of Shares ? What entries are made at the re-issue of Forfeited shares ?

30. दस वर्ष तक कार्यशील प्रथम श्रेणी का यंत्र 4,000 रु. में खरीदा गया। द्वितीय एवं तृतीय वर्ष के प्रारम्भ में उसमें 400 रु. तथा 500 रु. की क्रमशः वृद्धि की गई। 10% प्रतिवर्ष की दर से अवक्षयण लागत मूल्य पर किया गया। तीन वर्ष का यंत्र खाता तैयार कीजिए। 6

Purchased a first class machine for Rs. 4,000, which should have an estimated life of 10 years. During the beginning of 2nd and 3rd year made additions to its costing Rs. 400 and Rs. 500 respectively. Show the Machinery Account by charging depreciation @ 10% annually for three years on Cost Price.

अथवा *(Or)*

व्यापार में मूल्यह्रास के आयोजन के प्रमुख उद्देश्य बताइए।

Mention the main objects of the provision of Depreciation in Business.